







# धनतेरस पर बाजार में हुई धन वर्षा, खरीददारी के लिए निकले लोग

## लोगों की आमद से पटी रहीं शहर की सड़कें, बर्तन, सोना-चांदी व इलेक्ट्रॉनिक सामानों की खरीददारी में दिखाया उत्साह

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 अक्टूबर. दीपावली के पहले धनतेरस को होने वाली खरीददारी को लेकर शहर के व्यापारी पहले से काफी उत्साहित नजर आ रहे थे . शनिवार को खरीददारों की उमड़ी भीड़ ने व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी है.**

धनतेरस को लेकर बाजार सुबह से ही सज-धज कर तैयार नजर आ रहा था. कारोबारियों को अपने ग्राहकों के आगमन का बहुत देर तक इन्तजार नहीं करना पड़ा. आलम यह है कि दो पहिया, चार पहिया वाहनों से लेकर ज्वेलरी की दुकानों पर भी ग्राहकों की पर्याप्त संख्या दिन भर बनी रही. हर जगह आकर्षक सामानों के साथ गिफ्ट या कुछ न कुछ धनतेरस व दीपावली ऑफर ग्राहकों को दिए जा रहे थे.





धनतेरस पर बाजार से बर्तन, सोने-चांदी की चीजें, मिट्टी के दीये या घर का सामान खरीदना शुभ माना जाता है. इन दुकानों में लोगों की भीड़ बड़ी संख्या में दिखाई दी. आम से लेकर खास लोग धनतेरस के दिन खरीदारी करते हैं. बाजार में कपड़ा से लेकर बर्तन, ज्वेलर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, दो से चार पहिया वाहन समेत अन्य चीजों में ऑफरों की बरसात थी. सबसे ज्यादा रेडीमेड कपड़ों की दुकानों में लोग देखे जा रहे थे. दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कहीं हजार से ऊपर की खरीदारी पर ऑफर दे रखा था. तो कोई खरीदारी पर आकर्षक गिफ्ट दे रहा था. कहीं एक के साथ दो फ्री तो कोई इतने रुपए की खरीदी पर निश्चित उपहार दे रहा है. इस बार धनतेरस के दिन ज्यादा भीड़ सोना-चांदी के आलावा मोटर सायकिल, चार पहिया और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर नजर आ रही है.

आकर्षक फर्नीचर की मांग बढ़ी-शहर सहित जिले भर में बाजार हर चौक चौराहे पर फर्नीचर की दुकानें सजी हुई थी. फर्नीचर में लकड़ी, स्टील व प्लास्टिक के बने हुए सामानों की खरीददारी पर लोगों का जोर ज्यादा नजर आया. फर्नीचर में दिवान, पलंग, टेबुल, कुर्सी, बच्चे का झूला, सोफा, कंप्यूटर टेबुल आदि सामग्री को भी लोग पसंद कर रहे थे..

### मुहूर्त पर ली डिलेवरी

बाइक, स्कूटी व फोरव्हीलर के बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई. टू व्हीलर्स में विभिन्न ब्रांड की स्कूटी और बाईक्स भी, शो रूम में लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहीं. इलेक्ट्रिक और फ्यूल स्कूटी को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखा. युवाओं के लिए बाईक्स का क्रेज आज भी बरकरार है .अभिभावकों पर बच्चों को महगी बाइक के लिए दबाव बनाते कई शो रूमों में देखा गया.

### सस्ते पर रहा जोर

सोने-चांदी की दुकानों में धनतेरस के लिए ग्राहकों को उन उत्पादों को ज्यादा खरीदते देखा गया जो कम कीमत में बिक र हे थे. पूजा के लिए चांदी के सिक्के का जोर जहां ज्यादा रहा वहीं महिलाओं ने पायल बिछिया के साथ नाक की कील की खरीददारी बड़े पमाने पर की. सोने के दाम पहुंच से ज्यादा होने के कारण इस बार उसकी खरीददारी सीमित नजर आयी.

### इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम पर भी जोर

शनिवार को धनतेरस होने के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के प्रति लोगों में विशेष लगाव देखा गया. खास तौर परघरों में दैनिक उपयोग की जाने वाली चीजों की खरीददारी ज्यादा देखी गई. फ्रिज से लेकर वाशिंग मशीन, आलमारी, एलसीडी, प्रॉजेक्टर, मोबाइल, कंप्यूटर, लेपटॉप, आयरन, लाइट, जैसे सामानों पर डिस्काउंट से लेकर गिफ्ट तक बाजार में दिया जा रहा है.

# अल्प प्रवास पर मुख्यमंत्री आज सतना आएंगे

## हेलीकॉप्टर से ढाई बजे चित्रकूट पहुंचेंगे

नवभारत न्यूज

**सतना 18 अक्टूबर, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर 2.30 बजे सतना जिले के चित्रकूट पहुंचेगे.**

अधिकृत तौर पर देर रात जारी किये गये मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बताया गया है कि सवा 1 बजे इंदौर से प्रस्थान कर रीवा हवाई अड्डा पहुंचेगे जहां से हेलीकाप्टर से रवाना होकर 2.30 बजे चित्रकूट आरोग्यधाम के हेलीपैड पर उतरेंगे. बाद में



सवा पांच बजे डॉ. यादव हेलीकाप्टर से सतना हवाई अड्डा पहुंचेगे इस दौरान वे किन कार्यक्रमों में भाग लेगें इसका विवरण जारी कार्यक्रम में नहीं दिया गया.

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डा. यादव चित्रकूट में दीपावली के अवसर पर होने वाले पांच दिवसीय दीपावली मेले की गतिविधियों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे साथ ही सतना पहुंचने के बाद पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी के निवास पर जाकर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे.

# अमृत भारत में खाने के पैकेटों को साफ करते दिखा अटेंडेन्ट

## रेलवे की व्यवस्था पर लगा प्रश्न चिन्ह, वरिष्ठ अधिकारियों से की शिकायत

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 अक्टूबर. अमृतभारत ट्रेन में बीती रात जागरूक यात्री को एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसमें ट्रेन के अटेंडेन्ट को यात्रियों को पहले दिये गये खाने के पैकिट को साफ करते देखा. बताया गया है कि इस घटना की शिकायत यात्री ने एक्स के माध्यम से रेलवे के आला अधिकारियों से भी की है.**

इस अप्रत्याशित घटना का वीडियो वायरल होने के बाद



बताया गया कि बीती रात सतना से होकर जारी रही अमृत भारत एक्स्प्रेस 16601 ईरोड जंक्शन से जोगबनी जा रही ट्रेन में कटनी से एक यात्री सवार हुआ जिसे सतना उतरना था. रात में खाना वितरण के बाद कटनी सतना सेक्शन के बीच में जब ट्रेन चल रही थी तो यात्री ने अटेंडेन्ट को रात में दिये गये खाने के पैकिटों को फिर से साफ करते हुए देखा. जब उसने ऐसा करने के पीछे क्या कारण है तो अटेन्डेंट ने कहा कि जितने पैकिट जमा करेंगे उतने पैकिंट नए मिलेंगे. आए दिन आईआरटीसी के वितरण व्यवस्था पर उठ रहे सवालों के मद्देनजर यात्री ने इस घटना का पूरा वीडियो एक्स में लोड कर रेल मंत्री व अन्य अधिकारियों के टैक कर दिया.बाद में यात्री ने नवभारत को बताया कि ऐक्स में वीडियो वायरल होने के बाद उसके पास आईआरटीसी के अधिकारियों का फोन इस आफर के साथ आया कि 25 हजार रुपए लेकर वीडियो एक्स से हटा दें. हलांकि कार्रवाई को लेकर गंभीर यात्री ने समाचार लिखे जाने तक एक्स से नहीं हटाया था.

# मैहर पुलिस ने शारदा धाम चौकी में पकड़े छह जुंआरी

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 अक्टूबर. कोतवाली मैहर की मां शारदा धाम चौकी पुलिस ने आधा दर्जन जुंआरियों को गिरफ्तार कर कार्रवाही की है।**

सटीक सूचना पर दबिश देते हुए पुलिस ने आरोपी मिंटू उर्फ शशी प्रकाश सोनी, विवेक चौरसिया, रामजी गुप्ता, भोलू खटीक, जवाहर उर्फ कल्लू लोधी,



नारायण लोधी सभी निवासी मैहर को जुआ खेलते हुए पकड़ा है। इनके कब्जे से इनोवा कार एमपी 19 सीबी 3723, 30200 रुपए नकदी, 3 बाइक, 5 मोबाइल जब्त किए गए हैं। इस कार्रवाही में एएसआई अरविंद द्विवेदी, अशोक सिंह, कुदीप पटेल, पुष्पेन्द्र सिंह, आरक्षक सतीश, प्रधान आरक्षक संजय सिंह, अखिलेश निगम, राजेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# बिहरा में कुएं में डूबने से युवक की हुई मौत

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 अक्टूबर. रामपुर बाघेलान थाना अंतर्गत बिहरा क्रमांक -2 में रहने वाले एक युवक की कुएं में डूबने से मृत्यु हो गई।**

पता चला है कि अनिल यादव पिता श्याम सुंदर (35) निवासी बिहरा क्रमांक -2 की मृत्यु हुई है। पुलिस जांच में पता चला है कि सुबह करीब 5 बजे अनिल उठा और पानी भरने घर के पीछे कुएं तक गया। इसके कुछ देर बाद उसके पिता पहुंचे तो कुएं में चप्पल और रस्सी लटकी थी। आशंका होने पर कुएं में देखा तो अनिल नजर आया। उसे निकालने के बाद अस्पताल लया गया तो डॉक्टरों ने मृत्यु की पुष्टि कर दी।

### एक नजर में



#### चिन्मय विद्यालय में दीपावली पर हुए विविध आयोजन

**सतना.** चिन्मय विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर दीपावली पर्व मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ अवस्थी ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता दीपावली कार्ड पूजन थाली सजाना एवं दीपक सज्जा जैसी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर रंगोली सजाई गई। मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम की मनमोहक तस्वीर तथा ऑपरेशन सिंदूर की झलक को विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कर पर्व सार्थक किया गया। समिति सदस्या श्रीमती आशा नायक एवं चिन्मय मिशन के सचिव मनमोहन माहेश्वरी ने कार्यक्रम का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। ज्ञात हो चिन्मय विद्यालय में सनातन पर्वों की परंपरा और भारतीय पद्धति से नई पीढ़ी को परिचित कराने के लिए ऐसे आयाम निरन्तर आयोजित किए जाते हैं।

#### मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष करेंगे श्रद्धांजलि अर्पित

**सतना।** मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल आज सतना आगमन पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक स्व. शंकर लाल तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्रद्धांजलि सभा दोपहर 3 बजे टाउन हॉल सेमरिया चौक सतना में आयोजित की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं शहरवासी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में स्व. तिवारी जी के जनसेवा के कार्यों, समाज के प्रति समर्पण और सरल स्वभाव को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे।



#### कलेक्टर एवं एसपी ने किया निरीक्षण

**सतना.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 19 अक्टूबर को दौरे को लेकर कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने शनिवार को सुभाष पार्क के निकट स्थित व्यापार भवन के बगल में पूर्व विधायक स्व. शंकरलाल तिवारी के निवास पर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा भी की। कलेक्टर एवं एसपी ने स्व. शंकरलाल तिवारी के निवास के आस-पास स्थित भवनों का भी निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए तैनात की जाने वाली पुलिस टीम के तैनाती की व्यवस्थायें देखी।

# कलेक्टर ने स्थानीय उत्पादों के उपयोग की अपील जनता से की

नवभारत न्यूज

**सतना 18 अक्टूबर कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के नागरिकों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी और समृद्ध जीवन की मंगलकामना की है।**

उन्होंने कहा कि खुशियों और प्रकाश का यह महापर्व जिले के हर घर में सुख शांति और समृद्धि का संचार करे। दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। यह त्यौहार गहन अंधकार की घड़ियों में प्रकाश के महत्व को दर्शाता है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा है कि दीपावली स्वच्छता का भी उत्सव है.



# कलेक्टर एवं एसपी ने चित्रकूट के मेला तैयारियों की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

**सतना 18 अक्टूबर. कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने शनिवार को चित्रकूट विकास प्राधिकरण में स्थापित कमांड सेंटर के कैमरों से चित्रकूट के मुख्य स्थानों की मानीटरिंग की।**

कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में पहली बार कमांड सेंटर द्वारा संपूर्ण मेला क्षेत्र के मुख्य स्थानों की निगरानी कमांड



सेंटर द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने दीपावली मेला तैयारी, व्यवस्था तथा मेला स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ भ्रमण कर क्राउड कन्ट्रोल, पार्किंग और श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन के लिए किये गये प्रबंधों का जायजा लिया।

# सरदार की जन्म जयंती पर यूनिटी मार्च पद यात्रा हर लोकसभा क्षेत्र में निकलेगी

- सांसद ने कहा युवाओं को आत्मनिर्भरता की जानकारी दी जाएगी

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 अक्टूबर. भारतीय जनता पार्टी व्दारा सरदार 150 यूनिटी मार्च अभियान के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। जिले में यह पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर 2025 तक आयोजित की जाएंगी।**

यह जानकारी भारतीय जनता



पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सांसद गणेश सिंह ने दी. इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार महापौर योगेश ताम्रकार जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार जिला महामंत्री रमाकांत गौतम जिला मंत्री शुभम तिवारी जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू, ज्ञानेन्द्र सिंह गेंदलाल पटेल यश यादव उपस्थित रहे। श्री सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, सामाजिक जिम्मेदारी और एकता की भावना को सशक्त करना है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है।उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, सामाजिक चेतना बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगा। विशेष रूप से अमृत पौड़ी पानी आज के युवाओं को इस यात्रा का केंद्र बिंदु बनाया गया है। इस अभियान में सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और सरदार 150 यंग लोडर्स प्रोग्राम जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। चयनित 150 युवा नेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में भाग लेने का अवसर मिलेगा अभियान में जिला स्तरीय और राष्ट्रीय पदयात्राएं शामिल हैं। 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक होने वाली जिला स्तरीय यात्राओं में तीन दिन तक 8-10 किलोमीटर की पैदल यात्राएं होंगी। स्कूलों और कॉलेजों में निबंध, बाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजन होंगे। युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, स्वदेशी संकल्प, योग शिविर, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सांसद श्री सिंह ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक राष्ट्रीय एकता अभियान में भाग लेकर सरदार पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करें।

### खाद के मामले में कुछ कमी रह गई

सांसद श्री सिंह ने एक प्रश्न के उत्तर में स्वीकार किया कि खाद के मामले में मांग के मुताबिक अभी उत्पादन में कमी है. जिसके प्रयास किए जा रहे हैं देश मे नैनो यूरिया के क्षेत्र में काम चल रहा है. इसका फायदा किसानों को मिलेगा.